# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, उत्तर प्रदेश



# स्लोगन लेखन
## प्रतियोगिता दिशानिर्देश

प्रादेशिक मुख्यालय : गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com
Website : www.bsgup.org

# भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स, उत्तर प्रदेश

**प्रादेशिक मुख्यालय : महानगर, लखनऊ**

# “यू.पी. – स्काउट्स – केयर”

## स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

**प्रस्तावना :**

भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स, उत्तर प्रदेश एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक शैक्षिक युवा आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, चरित्र निर्माण एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना है। स्काउटिंग केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम है। स्काउट एवं गाइड अपने आचरण, सेवा कार्यों एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से समाज को प्रेरित करते हैं।

इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए **“यू.पी. – स्काउट्स – केयर”** अभियान प्रारम्भ किया गया है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित, संवेदनशील, अनुशासित एवं विकसित राज्य बनाना है। यह आन्दोलन निम्न मूल भावना पर आधारित है:

“Care for State • Care for Others • Care for Self”

### 📌 प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य :

- समाज में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक संदेश प्रसारित करना
- युवाओं में रचनात्मक सोच एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करना
- स्काउटिंग मूल्यों एवं सेवा भावना का प्रचार-प्रसार करना
- जन-जागरूकता अभियानों हेतु प्रभावशाली स्लोगन तैयार करना
- “यू.पी. – स्काउट्स – केयर” अभियान को जन-आन्दोलन का स्वरूप प्रदान करना

### 🎯 प्रतियोगिता के विषय (Themes)

**प्रतिभागियों को निम्न सभी विषयों पर स्लोगन तैयार करना होगा —**

1. चरित्र निर्माण एवं नैतिकता
2. स्वच्छता एवं सैनिटेशन
3. स्वास्थ्य एवं हाइजीन
4. पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण
5. सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियम
6. भ्रष्टाचार रोकथाम
7. नागरिक सहायता एवं सेवा भावना
8. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा
9. साइबर सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा जागरूकता

### 📝 स्लोगन लेखन हेतु दिशा-निर्देश :

1. स्लोगन संक्षिप्त, प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक होना चाहिए।
2. स्लोगन “यू.पी. – स्काउट्स – केयर” अभियान की भावना पर आधारित होना चाहिए।
3. स्लोगन में सेवा, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जागरूकता एवं स्काउटिंग मूल्यों का समावेश होना चाहिए।
4. स्लोगन हिंदी भाषा में होना वांछनीय है।
5. स्थानीय भाषा / मिश्रित भाषा का प्रयोग भी किया जा सकता है।
6. स्लोगन पूर्णतः मौलिक (Original) होना चाहिए।

7. किसी अन्य स्रोत से कॉपी किया गया स्लोगन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
8. प्रत्येक प्रतिभागी को प्रत्येक विषय पर स्लोगन भेजना होगा।
9. आपत्तिजनक, राजनीतिक अथवा विभाजनकारी सामग्री प्रतिबंधित रहेगी।

📋 **प्रतियोगिता की श्रेणी :** यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों हेतु आयोजित की जा रही है—

- कब/बुलबुल
- स्काउट/गाइड
- रोवर/रेंजर

## प्रविष्टि भेजने की प्रक्रिया :

प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टियाँ निम्न लिंक के माध्यम से पी.डी.एँफ़./वर्ड फाइल में भेजनी होंगी—

🌐 Submission Link : https://forms.gle/agQmnjR7nxkdW2Nr8

## प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि :

**17 अगस्त 2026**

## प्रतिभागी द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी :

- प्रतिभागी का नाम
- जिला
- विद्यालय / संस्था / इकाई का नाम
- मोबाइल नंबर
- ईमेल आईडी
- स्लोगन

## मूल्यांकन मानदंड :

| क्रम | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | विषय की प्रासंगिकता | 20 |
| 2 | रचनात्मकता एवं मौलिकता | 30 |
| 3 | संदेश की प्रभावशीलता | 25 |
| 4 | भाषा की सरलता एवं आकर्षण | 15 |
| 5 | स्काउटिंग मूल्यों का समावेश | 10 |

**कुल अंक : 100**

## पुरस्कार एवं सम्मान :

चयनित सर्वश्रेष्ठ 10 प्रविष्टियों को रु० 750/- का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा—

इसके अतिरिक्त—

- सोशल मीडिया सम्मान
- प्रमाण पत्र
- चयनित स्लोगनों का अभियान में उपयोग
- पोस्टर / बैनर / सोशल मीडिया क्रिएटिव में प्रकाशन

## विशेष निर्देश :

1. चयनित स्लोगनों का उपयोग "यू.पी. – स्काउट्स – केयर" अभियान के आधिकारिक प्रचार-प्रसार में किया जायेगा |
2. आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
3. निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. आवश्यकता पड़ने पर आयोजन समिति नियमों में संशोधन कर सकती है।

=============***==============